हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

11 भगवा त्रिशूल यात्रा का पूर्ण मूर्ति कैंपस में हुआ भव्य स्वागत



12 विधायक ने गन्नौर में जलभराव, जाम व कालेज भवन का मुद्दा उठाया



## खबर संक्षेप



सोनीपत। अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया ट्रक। फोटो : हरिभूमि

### अवैध खनन परिवहन में एक ट्रक जब्त

**सोनीपत।** अवैध खनन को पूर्णतया बंद करने के लिए खनन विभाग द्वारा दिन-रात लगातार चैकिंग की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को एक ट्रक जब्त किया गया। खनन विभाग के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए सोमवार को खान एवं भू विज्ञान विभाग, सोनीपत एवं हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्युरो, मिमारपुर की टीम द्वारा वाहन को अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त पाये जाने पर पकड़कर पुलिस थाना कुंड़ली में बंद किया गया है जिसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होने बताया कि दिन-रात लगातार चैकिंग की जा रही है। अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों/वाहनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और अवैध खनन से जुड़े लोंगों पर विभाग का प्रहार आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### बीट्स मोहाना में सोनीपत व कन्या कॉलेज खरखौदा में सुबह 8 बजे से मतगणना

# किसके सिर सजेगा ताज, सोनीपत और खरखौदा में आज के फैसले पर निगाहें

- मतगणना केंद्र 360 डिग्री सीसीटीवी फुटेज की कवरेज में
- उपायुक्त ने मंगलवार को बीट्स कॉलेज में स्थापित मतगणना केन्द्र में तैयारियों का किया निरीक्षण
- मतगणना केंद्र की सिक्योरिटी, काउंटिंग स्टॉफ, ट्रेनिंग, सीसीटीवी, परिसर में इनफ्रास्ट्रक्चर, कम्यूनिकेशन प्लॉन के बारे में हुई चर्चा





सोनीपत। बीट्स स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम सोनीपत मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव की बुधवार को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेयर उप-चुनाव के लिए बीट्स मोहाना तथा खरखौदा नगर पालिका चुनाव के लिए राजकीय कन्या कॉलोज खरखौदा में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।

सभी मतगणना केंद्र 360 डिग्री सीसीटीवी फुटेज की कवरेज में रहेंगे। मतगणना केंद्रों पर सिक्योरिटी, काउंटिंग स्टॉफ की ड्यूटी, उनकी ट्रेनिंग, परिसर में इन्फ्रास्ट्रक्चर, आदि कार्यों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बीट्स कॉलेज में स्थापित मतगणना केन्द्र में तैयारियों निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनाम कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान बताया कि मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे शुरू किया जाएगा। टेबलों पर ईवीएम मशीनें रख दी जायेंगी। इसलिए सम्बन्धित काउंटिंग स्टाफ समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना के कार्य में लगने वाले स्टॉफ की ड्यूटी व उनकी ट्रेनिंग के कार्य को पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त मतगणना केंद्रों पर अस्थाई कंस्ट्रक्शन करके मतगणना केंद्रों पर उम्मीदवार तथा उनके एजेंट आदि के बैठने की उचित व्यवस्था कर दी गई है। सभी मतगणना केंद्र 360 डिग्री सीसीटीवी फुटेज की कवरेज में हैं। वहां बिजली, पानी, काउंटिंग टेबल, वीवीपैट टेबल, आब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था अच्छे से की गई है। मतगणना की गिनती को कंप्यूटर पर एंट्री करने वाले स्टॉफ की ट्रेनिंग करवा दी गई है।

#### 30 टेबल पर होगी गिनती, रेंडमाइजेशन संपन्न

मतगणना का कार्य करने के लिये दोनों स्थानों की मतगणना के लिए 30 टेबल लगाई गई हैं। वहीं छः टेबल रिजर्व रखी गई हैं। सोनीपत नगर निगम उप चुनाव के लिए 20 टेबल लगाई गई हैं और एक टेबल आरओ के लिए लगाई गई हैं। वहीं खरखौदा नगर पालिका चुनाव की मतगणना के लिए आठ टेबल लगाई गई हैं और एक टेबल आरओ के लिए लगाई गई है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में मगंलवार को नगर निगम मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव की मतगणना के लिए टेबल आवंटन के रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद अभय सिंह, सीटीएम डा. अनमोल, एडीआईओ विजय बल्हारा भी मौजूद रहे।



खरखौदा। मतगणना संबंधी दिशा निर्देश देते निर्वाचन अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मतगणना के लिए लगेंगी आठ मेज छह चक्रों में होगी मतों की गिनती

- कड़े सुरक्षा पहरे में होगी मतगणना, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नगरपालिका खरखौदा के चेयरमैन व पार्षद पद के उम्मीदवारों के मतों को गिनती 12 मार्च बुधवार को कन्या महाविद्यालय स्थित मतगणना केंद्र में होगी। एसडीम डॉ. निर्मल नागर ने चुनाव से संबद्ध कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान बताया कि किस तरह से काउंटिंग होनी है। क्या-क्या प्रक्रिया चलेगी, वे सारी ट्रायल की गई। बुधवार की सुबह 7 बजे एंट्री शुरू होगी और 8 बजे काउंटिंग शुरू हो जाएगी। ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुल 6 राउंड होंगे जिसमें पहले तीन राउंड पार्षदों के लिए बाकी तीन राउंड अध्यक्ष पद के लिए गिनती की जानी है। आठ टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक राउंड में 8 ईवीएम मशीनों के वोट गिने जाएंगे। पहले राउंड में पार्षद पद के लिए मतगणना होगी। इसके बाद चेयरमैन पद के लिए वोटों की गिनती होगी। मतदान में कुल 45 ईवीएम मशीनों का इस्तेमाल किया गया। इनमें 22 ईवीएम पार्षद पद के लिए और 23 ईवीएम चेयरमैन पद के लिए प्रयोग में लाई गई। पार्षद पद के लिए 12,179 मतदाताओं ने वोट डाले। जबकि चेयरमैन पद के लिए 12,543 मत डाले गए। पहले राउंड में 4,539 वोटों की गिनती होगी। इसमें वार्ड 2, 7 और 8 का फैसला हो जाएगा। वार्ड 1, 3, 4, 5 और 6 के आधे वोट गिने जाएंगे। दूसरे राउंड में 3,856 वोटों की गणना होगी। इसमें वार्ड 10, 11, 13, 14 और 16 का परिणाम आएगा। वार्ड 15 के आधे वोट गिने जाएंगे। तीसरे राउंड में 3,784 वोटों की गिनती होगी। इसमें वार्ड 1, 3, 4, 5, 6 और 15 सहित सभी पार्षदों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

## गैंगस्टर दीपक गुहणा की हत्या में शामिल फौजी काबू

- पुलिस ने आरोपित को अदालत से तीन दिन के रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर ढाबे के बाहर हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा की हत्या व उसके दोस्त मंदीप पर जानलेवा हमला करने के मामले से पर्दा उठाते हुए स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट (एसएयूजी) ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित पानीपत के गांव ब्राह्मण माजरा निवासी राकेश उर्फ फौजी है। जिसे बड़वासनी के पास से हत्या में प्रयुक्त कार के साथ पकड़ा। आरोपित ने गांव सिवाह निवासी कुख्यात राकेश उर्फ पंपू की दोस्ती में वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। सहायक पुलिस आयुक्त राजपाल सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एयर इंडिया में पायलट पंजाब के जालंधर स्थित गांव दकोहा निवासी प्रीत कमल सिंह ने 27 फरवरी को बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया था कि गांव मुरथल निवासी कपिल आंतिल उनके दोस्त हैं। कपिल ने उनको एक मोबाइल नंबर भेजा था। जब वह दिल्ली के महिपालपुर में थे तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की थी। बातचीत में युवक ने उन्हें दिल्ली में ही पीतमपुरा के पास बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचे तो कार में गांव गुहणा निवासी दीपक उर्फ भांजा व कपिल का चचेरा भाई मंदीप मिले थे। दिल्ली से चलकर वह कुमासपुर के पास वीर ढाबा के बाहर रुके थे। वहां पर 3-4 युवक कार में आए थे और दीपक पर गोलियां बरसा दी थी। उसकी 14 गोली मारकर हत्या की थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। एक आरोपित बोल रहा था कि राहुल भूर्री अपना काम पूरा करता है।

#### दो माह से रैकी कर रहा थे आरोपित

प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया है कि वह दो माह से दीपक उर्फ भांजा की रैकी कर रहे थे। चिकित्सा आधार (मेडिकल ग्राउंड) पर जेल से बाहर आए दीपक के पीछे वह सोनीपत अदालत व दिल्ली अदालत में गए थे। हालांकि मौका नहीं मिल पा रहा था। 27 फरवरी को वह कोर्ट से आया तो ढाबे पर रुक गया। जहां उन्होंने उसकी हत्या कर दी।

## साइबर थाने में तैनात पुलिस कर्मी रिश्वत लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। आरोपित पुलिस टीम के साथ।

- एसीबी कैथल की टीम ने आरोपित को 80 हजार की रिश्वत के साथ किया गिरफ्तार
- ठगी के मुकदमें में नाम निकालने की ऐवज में मांगे थे दो लाख रुपये की राशि

सोनीपत, में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें सोनीपत साइबर थाना में तैनात अस्सिटेंट सब इंस्पेक्टर संजय को रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाने में दर्ज ठगी के मामले से बाहर निकालने की एवज में अस्सिटेंट सब इंस्पेक्टर संजय द्वारा दो लाख रुपये की मांग की थी। जिसमें 80 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था। टीम आरोपित के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार कैथल निवासी अमन ने कैथल विजिलेंस को शिकायत दी थी। जिसमें कहा कि साइबर थाने में दर्ज मुकदमा नंबर पांच में उसका नाम आना बताया गया।

उसे साइबर थाना सोनीपत सेक्टर-23 में बुलाया गया। जहां उसका नाम न आने के लिए दो लाख रुपये की डिमांड अस्सिटेंट सब इंस्पेक्टर संजय द्वारा की गई। जिसके बाद उनका 80 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। मंगलवार देर शाम को टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी को 80 हजार रुपये की राशि सहित रंगें हाथों काबू कर लिया। आरोपित के खिलाफ कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद बुधवार को उसकी शारीरिक जांच करवाने के बाद अदालत में पेश किया जायेगा। महेंद्र सिंह, विजिलेंस अंबाला हाल में कैथल विजिलेंस तैनाती।

### महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान, केस

**गोहाना।** गांव गढ़ी सराय नामदार खां में महिला ने घर पर फंदा लगार जान दे दी। पति काम पर गया था और बच्चे स्कूल में गए थे। परीक्षा के चलते बच्चे जल्दी घर लौटे तो दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांक कर देखा तो मां फंदे पर लटकी हुई थी। बच्चों के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मतलौडा में दरियापुर गांव निवासी राजेश ने बताया कि उसकी बहन की शादी लगभग 13 साल पहले गढ़ी सराय नामदार खां के सुनील से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। सुनील की दूसरी महिला से संबंध हैं तथा वह उसकी बहन को परेशान रखता था। कुछ दिन पहले बहन मायके चली गई थी। शनिवार को वापस लौटी थी। सुनील ने उसकी बहन को फिर से परेशान किया। जिससे तंग आकर उसकी बहन ने फंदा लगाकर जान दे दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पोल से टकराई बाइक, महिला की मौत और युवक घायल

- सोसायटी में खाना बनाती थी राखी, युवक से लिफ्ट लेकर गांव से जाते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। शव को शवगृह में लेकर पहुंचे परिजन व पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

राई थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित बाइक लोहे के पोल बोर्ड से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार युवक व महिला घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। गांव बिधंरौली निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी राखी (36) अशंल ग्रीन सोसायटी में खाना बनाती थी। सुबह काम पर जाती थी व शाम को लौट आती थी। मंगलवार सुबह गांव के ललित नाम के युवक के साथ बाइक पर लिफ्ट मांग कर ड्यूटी पर जा रही थी। गांव के पास धर्मशाला फार्म हाउस के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर लोहे के पोल से जा टकराई। हादसे में दोनों घायल हो गए। उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों व पुलिस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने राखी को मृत घोषित कर दिया व युवक को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

## गरीब-मजदूर, युवा व किसान वर्ग के कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार

- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में विधायक ने रखा अपना वक्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक निखिल मदान। फोटो : हरिभूमि

विधायक निखिल मदान ने मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन करते हुए अपना वक्तव्य रखा। निखिल मदान ने कहा कि वो राज्यपाल के विकसित भारत विकसित हरियाणा के विज़न से सहमति जताते हैं। साथ ही वो सोनीपत और हरियाणा की देव तुल्य जनता का आभार व्यक्त करते हैं, जिनके आशीर्वाद से लगातार तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज सरकार के 150 दिनों की कार्य प्रणाली को देखें तो सरकार ने प्रदेश की 36 बिरादरी, हर वर्ग हर समाज के लिए जन हितैषी फैसले लिए है। जल्द ही सरकार द्वारा प्रदेश के गरीब परिवारों को 100-100 गज के फ्री प्लाट दिए जाएंगे। इसके साथ ही आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को पहले ही 5 लाख तक के फ्री इलाज के सुविधा दी जा रही है।

साथ ही अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की योजना को भी प्रदेश भर में लागू कर दिया गया है। किसान कल्याण के लिए सरकार द्वारा पहले ही 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। इसके साथ ही पीएम सम्मान निधि के तौर पर 6 हजार 563 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदेश के किसानों को सरकार द्वारा दी जा चुकी है। समस्त सोनीपत वासियों के लिए हर्ष का विषय है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा रिठाला से कुंडली तक मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार की सौगात भी सोनीपत वासियों को दी गई है।

## खुले में रखें मिले ड्यूल डेस्क तो स्कूल मुखिया पर होगी कार्रवाई

- खुले में डेस्क मिलने के बाद डीसी ने जारी किए आदेश

**गन्नौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार को गन्नौर के विद्यालयों में कक्षा में उपयोग होने वाले ड्यूल डेस्क खुले में रखे में पाए गए। इससे सरकारी संपत्ति के खराब होने की आशंका जताई गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित स्कूल मुखियाओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय स्कूलों को सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को लिखित निर्देश जारी किए हैं कि यदि कक्षाओं के बाहर ड्यूल डेस्क पाए गए तो स्कूल प्रमुख पर कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने कहा कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश जारी किए गए हैं। क्योंकि हाल ही में 6 से 7 हजार रुपये प्रति यूनिट की लागत से खरीदे गए ये ड्यूल डेस्क बारिश या धूल-मिट्टी के कारण खराब हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी संसाधनों की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### खो-खो टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

**सोनीपत।** कुरुक्षेत्र में 15 से 16 मार्च तक हरियाणा राज्य खो खो प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है। इसके लिए सोनीपत जिले की पुरुष एवं महिला टीमों का चयन 13 मार्च को सुबह 9:00 बजे वीरवार को सुभाष स्टेडियम सोनीपत के खो-खो मैदान पर किया जाएगा। प्रधान रोहित हुड्डा, कोषाध्यक्ष कोच पूनम रानी, उप प्रधान जयदीप अंतिल व अरुण डीपी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं। ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी जिला सोनीपत के मूल निवासी होना आवश्यक है।

## कुत्ते के लघुशंका करने पर दो पक्ष भिड़े

- एक पक्ष पर घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला करने का आरोप

**गोहाना।** गांव नगर में एक घर के सामने कुत्ते द्वारा लघुशंका करने पर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष के कई लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उनको नागरिक अस्पताल से पीजीआइ रोहतक रेफर किया गया। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव नगर के महेंद्र ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसका भतीजा गिन्नी व बेटा विजय अपने कुत्ते को घुमाने के लिए खेतों की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कुत्ते ने जोगिंद्र के घर के सामने लघुशंका कर दी। इस पर महेंद्र व पालेराम ने उसके बेटे व भतीजे के साथ गाली-गलौज की। कुछ देर बाद बेटा व भतीजा घर आ गए। इसके बाद महेंद्र, जोगिंद्र और उनके स्वजन लाठी-डंडों के साथ उसके भतीजे गिन्नी के घर के अंदर घुस गए। उन्होंने गिन्नी, जितेश व विजय को पीटा। इस दौरान हरविंद्र, हरप्रीत व रजनी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनको भी चोट मारी। आरोपित धमकी देकर भाग गए।

### हरियाणा बोर्ड परीक्षा : ड्यूटी में कोताही बरतने पर दो पर्यवेक्षक हटाए

## दो नकल करते और चार कार में बैठकर पर्ची बनाते काबू

- पुगथला में परीक्षा केंद्र से बाहर कार में पर्चियां बना रहे थे
- 10वीं के विद्यार्थियों ने दिया विज्ञान विषय का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। परीक्षाओं में रोजाना नकल के मामले सामने आ रहें हैं। मंगलवार को भी 10 वीं की विज्ञान की परीक्षा में नकल के मामले सामने आए हैं। उड़नदस्ता टीम ने नकल करते दो विद्यार्थियों को पकड़ा, जिनके यूएमसी बनाए हैं। परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही पर दो पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त कर दिया है। गन्नौर के गांव पुगथला में परीक्षा केंद्र से दूर खड़ी एक कार से चार युवकों को पर्चियां बनाते पकड़ा है। उनके पास 5 मोबाइल, परीक्षा से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री व प्रश्न पत्र के सैट अंकित मिले हैं। बोर्ड की 27 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाओं में अब तक बाहरी हस्तक्षेप मिला है, पहली बार किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ा।

#### पांच मोबाइल व संदिग्ध सामग्री बरामद

**गन्नौर।** भिवानी बोर्ड की फ्लाइंग ने मंगलवार को गांव पुगथला के परीक्षा केंद्र में छापा मारा। टीम को परीक्षा समाप्त होने के 15 मिनट पहले केंद्र से करीब 300-400 मीटर की दूरी पर एक कार में चार युवक पर्ची बनाते दिखाई दिए। युवकों के पास विज्ञान विषय की गाइड भी मिली। टीम ने परीक्षा केंद्र से 300-400 मीटर पर कार में पर्ची बनाते पकड़े गए चार युवक समीर निवासी गांव कुटानी, जिला पानीपत, उधम व मोहित निवासी बजाना और नवीन निवासी गांधी नगर के रहने वाले हैं। उनके पास से 5 मोबाइल, कापी, किताबें, पर्चियां व 2 मुद्रित कागज जिस पर प्रश्न पत्र के कोड अंकित थे जब्त कर लिए हैं।

**एसडीएम व एसीपी मौके पर पहुंचे:** सूचना के बाद एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान व एसीपी मलकीत सिंह भी मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक बोर्ड, प्रशासन व पुलिस जांच में जुटी रही। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### कार्रवाई जारी रहेगी

10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का पेपर दिया। गांव बिधलान में आरएएफ, भिवानी की टीम ने नकल करते दो विद्यार्थियों को पकड़ा है। जिनके यूएमसी बनाए गए हैं। दो पर्यवेक्षक को भी कार्यभार मुक्त किया गया है। नकल को लेकर बोर्ड सख्त है, अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ जारी रहेगी।
-कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत

#### पर्चियां एकत्रित करते मिले पर्यवेक्षक


भिवानी की एसटीएफ-02 उड़नदस्ता टीम ने खरखौदा के गांव बिधलान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक मंजीत, जेबीटी राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सिसाना को परीक्षार्थियों से अनुचित साधन प्रयोग की पर्चियां एकत्रित करते पाए जाने पर परीक्षा ड्यूटी से तुरंत प्रभाव से कार्यभार मुक्त कर दिया।



## प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

लाइफ Style



## अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला





## रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



## ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



## तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



## परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

## बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।

## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



## भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
### एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला*



*दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*

***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

## 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

### 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

## बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की



एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भेजी शिकायत

**सोनीपत।** आप हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं सोनीपत विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम ने गांव बैयांपुर को नगर निगम क्षेत्र में बिना नोटिफिकेशन के शामिल कर वोटिंग करवाने के मामले में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कारवाई करने हेतू ई-मेल के माध्यम से भारतीय चुनाव आयोग और हरियाणा चुनाव आयुक्त को अपनी शिकायत भेजी है।

### युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**सोनीपत।** सोनीपत-गोहाना रोड पर रतनगढ़ गांव के पास युवक की गाड़ी को रुकवा कर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।चांग भिवानी निवासी शशी ने बताया कि वह अपने साथी दिनेश कुमार के साथ दिनेश की गाड़ी में सोनीपत कोर्ट चौकी में दी शिकायत को लेकर आया था। उनका चौकी में मामले को लेकर समझौता भी हो गया था। उसके बाद वह गाड़ी में बैठकर अपने गांव जा रहे थे।

### चोरी के आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने कंपनी से स्ट्रीट लाइन के बॉक्स चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी जाटी कलां सोनीपत, मोनू निवासी सेरसा व अनुज निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। न्यु शिवालिक नगर हरिद्वार निवासी अशोक ने गत 28 फरवरी को पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई थी।

### दवाई लेने आए युवक का वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने पहुंचे युवक की बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नाहरी निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह नाहरी बॉर्डर पर गया था। इसी दौरान बाइक सड़क किनारे खड़ी कर मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने चला गया। दवाई लेकर जब वापस आया तो बाइक वहां नहीं मिली। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर बारोटा चौकी पुलिस को शिकायत दी।

### युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर की आत्महत्या

**गन्नौर ।** गन्नौर रेलवे स्टेशन पर युवक ने पठानकोट एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे में युवक का शव बुरी तरह से क्षत विक्षत हो गया। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 33-35 साल है। उसके बैग से एक आई कार्ड मिला है जिस पर एसएलवी सिक्योरिटी कंपनी लिखा है। उसके हाथ पर विकास वीके लिखा है।

### लोग दयनीय स्थिति में रहने को मजबूर, कई बार दे चुके शिकायत

# ओमेक्स हाइट्स सोसाइटी में बिजली बिल घोटाले की जांच की मांग उठाई

## बिजली बिल का भुगतान पहले से किया जाता रहा है फिर भी ये भारी बकाया कैसे हुआ

भ्रष्ट आरडब्ल्यूए की सिफारिश पर रजिस्ट्रार ने एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया, जो 3 माह में चुनाव करवाने के आश्वासन के बावजूद डेढ़ साल से टाल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर 8 स्थित ओमेक्स हाइट्स सोसाइटी के निवासी दयनीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं। सोसाइटी में पिछले तीन वर्षों से भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसकी लगातार शिकायतें रजिस्ट्रार को दी जा रही थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस लापरवाही के कारण सोसाइटी का बिजली बिल बढ़कर तीन करोड़ पांच लाख रुपये हो चुका है। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में प्रीपेड सिस्टम के तहत बिजली बिल का भुगतान पहले से किया जाता रहा है, फिर भी यह भारी बकाया कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। निवासियों का आरोप है कि आरडब्ल्यूए के पूर्व पदाधिकारियों ने बिजली बिल की राशि का गबन किया और बिजली विभाग को भुगतान नहीं किया। इस संबंध में एफआईआर 6 अगस्त 2024 को दर्ज कराई गई थी। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि इस भ्रष्ट आरडब्ल्यूए की सिफारिश पर रजिस्ट्रार ने एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया, जो तीन महीने में चुनाव कराने के आश्वासन के बावजूद डेढ़ साल से चुनाव टाल रहा है। इस दौरान सोसाइटी का बिजली बिल करोड़ों में पहुंच गया। गत 9 मार्च को स्थनीय निवासियों ने बैठक कर पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया, जो चुनाव होने तक सोसाइटी के कार्यों की देखरेख करेगी। निवासियों का कहना है कि वे किसी एडमिनिस्ट्रेटर को नहीं चाहते और मौजूदा एडमिनिस्ट्रेटर को तुरंत अपना कार्यभार इस कमेटी को सौंप देना चाहिए। सोसाइटी के लोग भ्रष्टाचार से आक्रोशित हैं और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



सोनीपत। रोष जताते ओमेक्स हाइट्स सोसाइटी के निवासी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते दुकानदार साथ में जिला पार्षद। फोटो :हरिभूमि

## सारंग रोड अंडर ब्रिज पर जलभराव से परेशान दुकानदारों का प्रदर्शन,नारेबाजी

- अधिकारी शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सारंग रोड अंडर ब्रिज पार्क के पास गंदे पानी की समस्या से परेशान दुकानदारों ने मंगलवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में धरना दिया। दुकानदारों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ काले झंडे लेकर विरोध जताया और मांग की कि जलभराव की समस्या का समाधान जल्द किया जाए। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बताया कि वर्षों से अंडर ब्रिज के नीचे गंदा पानी भर जाता है, जिससे दुकानों तक पानी पहुंच जाता है। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि बदबू और मच्छरों के कारण दुकानदारों का वहां बैठना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया, जिससे मजबूरन दुकानदारों को धरने पर बैठना पड़ा। दुकानदारों ने प्रशासन को पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे नगर निगम कार्यालय के सामने गंदा पानी छोड़ने को मजबूर होंगे। कहा कि मुख्यमंत्री आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का दावा करते हैं, लेकिन अधिकारी शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहे।



खरखौदा। अधिकारियों व व्यापारियों की बैठक लेते सुभाष चंद्र। फोटो :हरिभूमि

## शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें व्यापारिक संगठन : सुभाष चंद्र

- स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाईस चेयरमैन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि आईएमटी खरखौदा में मारूति-सुजुकी व मिंडा जैसी विश्वविख्यात कंपनियों के आने से खरखौदा को विश्व में अलग पहचान मिली है। यह क्षेत्र आने वाले दिनों में औद्योगिक हब बनेगा। खरखौदा को औद्योगिक पहचान देने के साथ-साथ स्वच्छता में भी पहचान दिलाने के लिए सभी व्यापारिक संगठनों का सहयोग जरूरी है। इसलिए सभी कंपनियों का दायित्व बनता है कि हम खरखौदा को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने में प्रशासन के साथ मिलकर अपना सहयोग करें। ताकि स्वच्छता के क्षेत्र में खरखौदा दूसरे शहरों के लिए उदाहरण बन सके। स्वच्छता सर्वेक्षण में खरखौदा को अव्वल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आईएमटी खरखौदा का दौरा करते हुए मिंडा कंपनी के अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। कहा कि मारूति-सुजुकी व मिंडा जैसे कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने व भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग कर रही है। कहा कि उनकी बदौलत ही भारत आने वाले कुछ समय में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। मिंडा कंपनी के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शहर में स्वच्छता को लेकर सहयोग करें।

**ये रहे मौजूद**

बैठक के बाद वाईस चेयरमैन ने मिंडा कंपनी का दौरा करते हुए वहां बनने वाले पार्टस के बारे में जानकारियां ली। बीडीपीओ आस्था गर्ग, एचएसआईआईडीसी के एक्सईएन जगदीश कादियान, मिंडा कंपनी के प्लांट हैड सुरेन्द्र व एचआर विनय दहिया, नगर पालिका खरखौदा के सचिव पंकज जून, एसडीओ ब्रिजेश हुड्डा, जनस्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुदेश, बिजली विभाग से जेई नितेश सैनी सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडी का दौरा कर एसडीएम ने रबी फसल खरीद की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- मार्केट कमेटी सचिव को दिए सभी व्यवस्था शीघ्र पूरी करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

मंडियों में रबी फसल की खरीद के लिए तैयारियों को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने नई अनाज मंडी का दौरा किया। दौरे के दौरान एसडीएम ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों व मंडी के आढ़तियों से बातचीत की। एसडीएम ने कहा कि मंडियों में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। वहीं, 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होगी। ऐसे में मार्केट कमेटी के सचिव मंडियों में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने मार्किट सचिव का सख्त आदेश दिए कि मंडियों और खरीद केंद्रों पर बिजली, पेयजल व शौचालय इत्यादि की व्यवस्था खरीद का कार्य शुरू होने से पूर्व की जाए। विभिन्न एजेंसियों की ओर से गेहूं की खरीद की जाएगी। आढ़तियों के पास इलेक्ट्रिक झारना, सिलाई की मशीन, तरपाल व वुडन क्रेट्स की व्यवस्था होनी चाहिए। खरीद केंद्रों पर खरीद के दौरान जाम न लगे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



गन्नौर। नई अनाज मंडी का दौरा करते एसडीएम प्रवेश साथ में सचिव व आढती।

### हथियार के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो डालने पर केस दर्ज

गोहाना। गांव लाठ के युवक ने दूसरे व्यक्ति का लाइसेंसी हथियार लेकर उसके साथ फोटो खींचे। उसके बाद युवक ने हथियार के साथ फोटो को इंस्टाग्राम आइडी पर प्रसारित किए। इस पर सदर थाना में दोनों के विरुद्ध केस दर्ज किया । पुलिस को इंटरनेट मीडिया पर युवक के फोटो नजर आए, जिसने हथियार ले रखे थे। मामले की क्राइम यूनिट सेक्टर तीन से हवलदार नरेश ने जांच की। फोटो प्रसारित करने वाले युवक की पहचान लाठ के अजय के रूप में हुई। पूछताछ करने करने पर पता चला कि गांव कासंडी के रणदीप की बंदूक ली गई थी। रणदीप से पूछताछ की गई तो कहा कि वह बंदूक को बेचना चाहता था। इस पर दोनों पर केस दर्ज किया । रणदीप ने लाइसेंसी हथियार को किसी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति को देकर लापरवाही की। रणदीप का शस्त्र लाइसेंस रद करने की सिफारिश की।

## बीएससी होम साइंस छठे सेमेस्टर में तन्नू बनी विश्वविद्यालय की टॉपर

- जीवीएम की 3 छात्राओं ने विवि की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के अंतर्गत बीएससी होम साइंस के छठे सेमेस्टर में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा तन्नू 90.17 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय की टॉपर बनी है। तन्नू सहित जीवीएम की तीन छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए स्वर्णिम भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विश्वविद्यालय ने बीएससी होम साइंस के छठे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये हैं, जिनमें जीवीएम की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। जीवीएम की शिवानी ने तीसरा स्थान और शानू ने विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया। कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में शामिल छात्राओं का कालेज में विशेष अभिनंदन करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष मोनिका सहित प्राध्यापिकाओं हिमांशी, दिव्या और प्रिया ने भी टॉप-10 सूची में शामिल छात्राओं को बधाई दी।



### विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं

**सोनीपत।** 54वीं हरियाणा तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को हरियाणा कि वित्तीय आयुक्त, राजस्व एवं एसीएस राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से बाढ़ प्रबंधन कार्यों की समीक्षा को लेकर उपयुक्तों के साथ की बैठक ओर उनको जिले में बाढ़ प्रबंधन कार्यों को लेकर किये जा रहे कार्यो के बारे में उचित दिशा-निर्देश दियें। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रबंधन को लेकर जिला में किए जा रहे विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं ताकि ये सभी कार्य आने वाली बरसाती सीजन तक पूरे हो सकें और लोगों को बरसात सीजन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े एवं नए कार्यो जिनकी अनुमति मिली है। उन्हें एक बार फिर से पुनः विचार करें व जो भी कार्यो ज्यादा जरूरी है।




सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि



महिलाओं को कपड़े के थैले बांटते अजय पांचाल एवं अन्य।

### महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए

**सोनीपत।** ब्रह्मनगर के रहने वाले अजय पांचाल और उनकी टीम ने महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए गए। महिलाओं को सिंगल यूज पॉलिथीन के खिलाफ जागरूक करते बताया कि पॉलिथीन के क्या नकारात्मक प्रभाव होते हैं। इस दौरान घरों से पॉलिथीन भी एकत्रित किए गए। टीम में राजा, सन्नी, मनीष, आशीष, सीता, बालकिशन, नीरज आदि शामिल रहे। बता दें कि अजय पांचाल और उनकी टीम ने जिले को पॉलिथीन मुक्त करने का संकल्प लेकर अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत कई बार रेलवे लाइन के पास पड़े कचरे से पॉलिथीन इकट्ठा किए जा चुके हैं। अब शनिवार को महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए गए हैं। अजय पांचाल ने बताया कि उनकी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

### नए प्रधान ने संभाला कार्यभार

गन्नौर। बार एसोसिएशन की नव नियुक्त कार्यकारिणी ने बुधवार को विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। बार रूम में आयोजित समारोह में बार एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान युद्धबीर ने नए प्रधान गौरव त्यागी को चार्ज सौंपा। सबसे पहले हॉल में आरंभ में निवर्तमान कार्यकारिणी ने प्रधान गौरव त्यागी व नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। इसके बाद अन्य पदाधिकारियों को मंच पर बुलाया और उन्हें पद ग्रहण करवाया। नव नियुक्त प्रधान गौरव त्यागी ने सभी वकीलों का आभार जताया। बार रूम में आयोजित समारोह में बार एसो के निवर्तमान प्रधान युद्धबीर ने नए प्रधान गौरव त्यागी को चार्ज सौंपा।



गन्नौर। बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी कार्यभार संभालते हुए।



सोनीपत। सेमिनार के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### करियर के अवसरों के लिए तैयार किया

सोनीपत। हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में, आज के समय के उदारीकरण, पूंजीवाद और ग्लोबलाइजेशन के समय मानव संसाधन के विकास में चुनौतियों पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में छात्रों को करियर के अवसरों के लिए तैयार किया गया। कॉलेज के अलुमनाई नेटवर्क विभाग द्वारा आयोजित इस सेमिनार में मुख्य वक्ता इंजीनियर जतिन चांदना, कॉलेज के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में सीनियर डाटा साइंटिस्ट, ब्लू योंडर, बैंगलोर ने छात्रों को अपने करियर के अवसरों के लिए तैयार करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि अंतिम वर्ष के छात्रों को अपनी कॉलेज प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप को गंभीरता से लेना चाहिए। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नवीन कुमार मलिक ने भी संबोधित किया और कहा कि नौकरी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### यात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का संरक्षण व युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना

# भगवा त्रिशूल यात्रा का पूर्ण मूर्ति कैंपस में भव्य स्वागत

- यात्रा का समापन 25 को दिल्ली में भव्य महासम्मेलन के साथ होगा
- यहां पहुंचे धर्म प्रेमियों का फूल मालाओं से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की ओर से आयोजित भगवा त्रिशूल यात्रा का पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया । भारी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ ही श्रद्धालुओं और सनातन धर्म प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। सनातन प्रेमियों ने यात्रा में शामिल अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व भगवा त्रिशूल यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय, परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी, परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ के साथ यहां पहुंचे धर्म प्रेमियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी भगवा त्रिशूल यात्रा में शामिल लोगों का मनोबल बढ़ाया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि भगवा त्रिशूल यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक यात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का संरक्षण और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि इस पहल के तहत देश-विदेश के 120 शिव मंदिरों को डिजिटल रूप से जोड़ने का संकल्प लिया गया है, जिनमें से 12 मंदिर विदेशों में स्थित हैं। 12 ज्योतिर्लिंग, 12 शक्तिपीठों की यात्रा के बाद अब 120 त्रिशूलों के साथ भगवा त्रिशूल यात्रा निकाली जा रही है। भगवा त्रिशूल यात्रा का समापन 25 मार्च को दिल्ली में एक भव्य महासम्मेलन के साथ होगा, जिसमें देश भर से संत, महंत, धर्मगुरु व श्रद्धालु शामिल होंगे।



आयोजित हवन में आहुति देते पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन व अन्य।

**हवन में दी आहुति**

इस अवसर पर धार्मिक स्थलों के संरक्षण और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल धर्मप्रेमियों के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, संस्था के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी संदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, परिसर निदेशक कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार व छात्र-छात्राओं ने हवन में आहुति डाली।



सोनीपत। अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

### संभाजी महाराज का बलिदान दिवस मनाया

**सोनीपत।** आर्यवीर दल सोनीपत द्वारा मंगलवार को धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज का बलिदान दिवस मनाया गया। दून वमावि में आयोजित इस कार्यक्रम का आरंभ आयुष आर्य ने यज्ञ के माध्यम से किया। संदीप आर्य दर्शनाचार्य ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते बताया कि हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए उन्होंने औरंगजेब के विरुद्ध शिवाजी के संघर्ष को आगे बढाया। मुगलों से हिन्दुओं की रक्षा के लिए उन्होने अपने जीवन काल में 121 युद्ध किए थे। जिला संचालक भगत सिंह ने उनके बलिदान को स्मरण करते औरंगजेब की अत्याचारों की कठोर शब्दों में निंदा की और उसे अमानवीय बताया। शिक्षक डिम्पल आर्य ने ऐसे महान पुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। प्राचार्य आजाद सिंह बांगड़ ने इस प्रकार के अमर शहीदों को समाज के लिए आदर्श बताया। रवीन्द्र आर्य, सचिव दीपक आर्य, कनिष्क आर्य, अभिषेक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा की पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकुश पुत्र अजमेर गांव मदीना का रहने वाला है। 9 मार्च को महिला ने थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि अंकुश पुत्र अजमेर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में बरोदा थाना में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उधर पुलिस ने इस घटना में संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### भैंस चोरी की घटना में दूसरा आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** थाना बरोदा पुलिस टीम ने घेर से भैंस चोरी करने की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रिजवान पुत्र रहीश यूपी बागपत का रहने वाला है। 10 अप्रैल 2022 को गांव बनवासा निवासी शक्ति पुत्र समुन्द्र ने थाना बरोदा में भैंस चोरी की शिकायत दी थी। इस घटना में पुलिस आरोपित खेजान को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब पुलिस ने उक्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार करके उसे न्यायालय में पेश करके उसके आदेशानुसार दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### ननद के ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**गोहाना।** रोहतक जिले के गांव खिड़वाली से गांव छतैहरा में ननद के यहां गई महिला ने आरोप लगाया कि उसे कमरे में बंद करके पीटा गया। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। खिड़वाली की भारती ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को गांव छतैहरा में अपनी ननद सुमन के घर गई थी। सुमन से उसकी ससुराल वाले मारपीट करते हैं और उसे तंग करते हैं। वह सुमन के साथ कमरे में बैठी थी। उसी समय उसका देवर, सास व अन्य स्वजन आए और उससे मारपीट करने लगे।

## गायत्री विद्यापीठ में कार्यक्रम का आयोजन

# होली के उत्सव में भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका रोड स्थित गायत्री विद्यापीठ में होली के पावन अवसर पर रंगों का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि नीतू जग्गा, भावना जग्गा, आशा बत्रा और आभा गर्ग ने शिरकत की। आभा गर्ग ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को रेखांकित करते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, स्नेह और सौहार्द का संदेश भी देता है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी को जोड़ने और प्रेम के रंग में रंगने का अवसर है। स्कूल की मुख्याध्यापिका शकुंतला कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल के निदेशक राजेंद्र कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षिका डिंपल शर्मा और छवि गौड ने शानदार मंच संचालन किया।



गन्नौर। मुख्यध्यापिका शकुंतला कौशिक नीतू जग्गा, भावना जग्गा, आशा बत्रा और आभा गर्ग का सम्मान करते हुए।

■ अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया

कार्यक्रम में आए अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर और फूलों की होली प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रेम और खुशबू से महकता वातावरण बना रहा। स्कूल के छात्रों ने इस मौके पर देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।

## बड़ी इंडस्ट्रीयल मैन्युफेक्चरिंग एसो. ने होली मिलन समारोह मनाया



गन्नौर। औद्योगिक क्षेत्र के संपदा अधिकारी विनोद कत्याल, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, रोहताश पंवार का स्वागत करते प्रधान अमित गोयल। फोटो: हरिभूमि

**गन्नौर।** बड़ी इंडस्ट्रीयल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन द्वारा जी टी रोड स्थित कनक गार्डन में होली मंगल मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में गन्नौर एसडीएम प्रवेश कादियान, खरखौदा के एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीसपी मलकीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के संपदा अधिकारी विनोद कात्याल, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, मैनेजर रोहताश पंवार, एसएसएमई के निदेशक, एसडीओ तरूण मलिक, जेई अजीत कुंडू भी विशिष्टातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल, उपप्रधान संजय जैन चिल्ली, सदस्यों ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने उद्योगपतियों का मनोरंजन करवाया और कविताओं के माध्यम से बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल, संरक्षक श्रवण झांब, चेयरमैन राजेंद्र सिंगला, महासचिव विरेंद्र जैन, एसोसिएशन के उपप्रधान पवन जैन, संजय जैन, नवीन गर्ग, विनोद जैन, नरेंद्र नंदा, कोषाध्यक्ष सुनील बब्बर आदि आदि मौजूद थे।

## विहिप ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सौंपा ज्ञापन



गन्नौर। पुलिस थाना में ज्ञापन देने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ हर शुक्रवार को वहां पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवा एकत्रित होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के नेतृत्व में गन्नौर पुलिस स्टेशन में पहुंचकर होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार को होली का पावन पर्व है, जिसे हिंदू समाज बड़ी ही श्रद्धा से मानता है। परिषद के सदस्य्य ने बताया कि गन्नौर गांव वार्ड 9 में एक मस्जिद है। जिसके इर्द गिर्द 200 मीटर में कोई भी मुस्लिम समुदाय का घर नहीं है। हर शुक्रवार को वहां पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवा एकत्रित होते हैं। शुक्रवार के दिन ही होली का पर्व है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शुक्रवार को मस्जिद में नमाज ना हो व माइक भी बंद रहे। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की मांग है कि पर्व बड़े ही सौहार्द व प्रेम से संपूर्ण हो।

## गोपालपुर मार्ग पर दुघर्टना में घायल कारपेंटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गोपालपुर मार्ग पर बाइक की टक्कर से कारपेंटर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर चचेरा भाई मौके पर पहुंचा तो उसके भाई की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक राजेश के चचेरे भाई चांद कुमार की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। झज्जर के निलौठी गांव के रहने वाले चांद कुमार का कहना है कि वह हाल समय में खरखौदा की प्रताप कालोनी में रह रहा है। उसे सूचना मिली कि उसका चचेरा भाई राजेश जोकि कारपेंटर का काम किया करता था, खरखौदा-गोपालपुर मार्ग पर वह सड़क हादसे का शिकार हो गया है। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा तो राजेश गंभीर अचेत पड़ा था, जांच की तो उसकी मौत हो चुकी थी।

■ चचेरे भाई जब तक मौके पर पहुंचा तब तक घायल कारपेंटर की हो चुकी थी मौत

**अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज :** इसके बाद उसने परिवार सदस्यों को घटना की सूचना दी और शव को सोनीपत के सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में पहुंचवाया। चांद कुमार का कहना है कि अज्ञात बाइक चालक ने अपनी बाइक को लापरवाही से चलाते हुए उसके चचेरे भाई को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## विधायक ने विस में नशे पर रोक लगाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। विधायक इंदुराज नरवाल विधानसभा में अपनी मांग उठाते हुए। फोटो : हरिभूमि

बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश में नशे पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई। विधायक ने सत्र को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। विधायक ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। प्रदेश के युवा नशे के दलदल में फंस रहे हैं और वे भविष्य के अंधकार में डूबते जा रहे हैं।

इंदुराज नरवाल ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है। युवाओं में नशे की लत से देश व समाज को दूरगामी परिणाम भुगतने पड़ सके हैं। इसीलिए सरकार इस ओर ध्यान दे और प्रदेश में नशे पर प्रतिबंध लगाया जाए। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि हमें अपने देश व समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं को सशक्त बनाना होगा। इसके लिए सरकार को युवाओं में कला कौशल के विकास के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करने होंगे।

## पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित आरोपित प्रिंस गांव मुकारी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-27 थाना क्राइम टीम गश्त के दौरान सेक्टर-3 के पास स्थित मौजूद थी। उसी दौरान अवैध हथियार सहित युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



■ पुलिस ने आरोपित से अवैध देशी पिस्तौल बरामद की
■ अदालत ने आरोपित को भेजा जेल

# रैगिंग मामला: मानव अधिकार आयोग न मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राठधना रोड स्थित जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय में रैगिंग के आरोप लगने के मामले में छह छात्रों पर कार्रवाई हो सकती है। पीड़ित छात्र ने हमला करने, अपमान और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जिस पर हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा, सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने मामले को अनुशासनहीनता से बढ़कर गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन करार दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि रैगिंग छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर शिक्षा के अधिकार को कमजोर करती है। यह हिंसा, मानसिक उत्पीडऩ और भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे पीड़ितों की गरिमा और आत्मविश्वास को गहरी क्षति पहुंचती है। मामले में हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि वह 14 मई को अगली सुनवाई से पहले विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस रिपोर्ट में जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है, उनमें विश्वविद्यालय की तरफ से रैगिंग रोकने के लिए उठाए गए कदम, आरोपी छात्रों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई, पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता तंत्र, विश्वविद्यालय की तरफ से यूजीसी और एंटी-रैगिंग नियमों का अनुपालन शामिल हैं। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि आयोग मामले की पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा।

### यह था मामला

जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के छात्र प्रवेश कुमार ने राई थाना में शिकायत दी थी कि वह अपराध शास्त्र द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। वह 20 फरवरी की रात को अपने दोस्त वासु के कमरे में गया था। तभी विवि के कई छात्र कमरे में आ गए। उन्होंने आते ही उसके साथ रैगिंग शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने सिर में स्टील की बोतल व बेल्ट से हमला कर दिया। उन्होंने लोहे के पंच से कमर व पेट पर कई वार किए। जिससे कमर में कई निशान बन गए। प्रवेश ने बताया कि उनके गले में चेन थी। जिसे खींचकर गले को दबाया और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। उनकी पिटाई की वीडियो बना ली और किसी को बताने पर वायरल करने की धमकी दी। राई थाना पुलिस ने छात्र के बयान पर मुकदमा दर्ज कर किया था।

### मामला मेरे संज्ञान में नहीं

मानवाधिकार आयोग की तरफ से रिपोर्ट मांगे जाने का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर किसी तरह की रिपोर्ट मांगी जाती है तो पूरा सहयोग किया जाएगा।

-**अंजू मोहन**, प्रवक्ता जिंदल ग्लोबल विवि सोनीपत

## कार के अंदर से लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में स्थित ढाबे के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की पुलिस को शिकायत दी। गांव छतेहरा निवासी नीशू ने बताया कि वह सोमवार को किसी काम से गोल्डन हट ढाबे पर गया था। इस दौरान उन्होंने कार ढाबे के पास सर्विस लाइन पर खड़ी कर दी। एक घंटे बाद जब कार के पास पहुंचा तो पिछला शीशा टूटा हुआ मिला। गाड़ी के अंदर सामान की जांच की तो गाड़ी में रखा बैग गायब मिला। जिसमें लैपटाप, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज थे।

## छात्र पर नुकीले हथियार से हमला करने का आरोप लोगों ने हमलावर दबोचा, पुलिस ने दर्ज किया कसे

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के लिबासपुर में घर के बाहर घूम रहे छात्र पर नुकीले हथियार से हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डेमा मानपुर बिहार हाल में गांव लिबासपुर निवासी संदीप ने बताया कि वह संस्कृत स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वह अपने घर के सामने गली में टहल रहे थे। इसी दौरान शहाबुद्दीन ने उसे रास्ते घेर लिया। वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने किसी नुकीले हथियार से उसकी छाती पर वार करने शुरू कर दिए। शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। वहीं, आरोपित को पुलिस को सौंप दिया। मामले को लेकर थाना बहालगढ़ पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एअसाई राजू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## देव नगर स्थित घर से गैस सिलेंडर चोरी, सीसीटीवी में दिखाई दिए दो युवक, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के देव नगर स्थित मकान से गैस सिलेंडर के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। देव नगर की गली नंबर-1 में रहने वाले अधिवक्ता संजय कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर को घर के आंगन में रखा सिलेंडर गायब मिला। घर में रखे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो दोपहर करीब दो बजे दो युवक सीसीटीवी में दिखाई दिए। जिनमें से एक घर के अंदर घुस गया। जबकि दूसरा बाहर खड़ा निगरानी करता रहा। अंदर गया युवक थोड़ी देर बाद गैस सिलेंडर लेकर बाहर निकाला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना शहर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द ही आरोपितों की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बाइक चोरी के प्रयास में आरोपित गिरफ्तार, पुलिस ने अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजा

**गोहाना।** थाना शहर की पुलिस ने बाइक चोरी के प्रयास में आरोपित गांव आंवली के दीपक को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शहर के राकेश ने सोमवार को पुलिस को शिकायत दी थी कि नई सब्जी मंडी से उसकी बाइक को चोरी करने का प्रयास किया। चोरी की नियत से युवक बाइक लेकर जा रहा था। दुकानदारों की मदद से उसे पकड़ लिया गया था। आरोपित दीपक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

## किशोर ने सोशल अकाउंट की पोस्ट पर की टिप्पणी कार में आए युवकों ने नुकीली चीजों से किया हमला

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में सोशल अकाउंट पर डाली पोस्ट पर टिप्पणी करना किशोर का भारी पड़ गया। आरोप है कि किशोर दूध लेकर अपने घर आ रहा था। जहां कार में सवार होकर आए युवकों उस पर नुकीले चीजों से हमला कर घायल कर दिया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं बीच-बचाव करने आई महिला को कार सवार युवकों ने कार के बोनट पर लटकाकर कार को दौड़ा दिया। उसके बाद आरोपित फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। आरोप है कि पुलिस ने मामले सुनवाई नहीं। जिसके बाद वीडियो सोशल साइटों पर वायरल हो गया। पुलिस ने इस संबंध में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-15 निवासी पूजा ने बताया कि उसका बेटा ऋषभ 12 वीं कक्षा में पढ़ता है। उसके बेटा का माडल टाउन के सात्विक नाम के युवक से इंस्टाग्राम पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया। जब ऋषभ के बड़े भाई रिदम ने मामले को सुलझाने की कोशिश की तो सात्विक ने शनिवार को दोनों भाइयों को माडल टाउन में बुला लिया। दोनों भाई वहां पहुंचे तो पहले से दोस्तों के साथ मौजूद सात्विक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। जिसके बाद दोनों ने घर पहुंच कर अपनी मां पूजा को मामले की जानकारी दी। इसी बीच सात्विक के भाई ने पूजा को फोन उनके बेटों पर ही झगड़ा करने और मारपीट का आरोप लगाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## विधानसभा के दूसरे सत्र में उठे कई गंभीर मुद्दे

# विधायक देवेंद्र कादियान ने विस सत्र में गन्नौर के जलभराव, जाम और कालेज भवन का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने विधानसभा सत्र के दौरान गन्नौर क्षेत्र की विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार से उनके समाधान की मांग की। विधायक कादियान ने सदन में बताया कि जीटी रोड से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले रेलवे रोड के साथ बने नाले की सफाई न होने से हल्की बारिश में ही जलभराव हो जाता है। जलभराव के कारण सड़क बार-बार टूट रही है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री से शहर की निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की। इस पर मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि इस नाले की सफाई नगरपालिका करती है। सड़क की हालत ज्यादा खराब नहीं है। विधायक की मांग पर जनस्वास्थ्य विभाग निकासी व्यवस्था में सुधार करने का काम कराएगा। विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर में सरकारी कालेज पास हो चुका है। दूसरा सत्र चल रहा है, लेकिन कालेज अभी स्कूल की पुरानी बिल्डिंग में चल रहा है। वहां सुविधाओं की कमी है। नया भवन जल्द बनाया जाए। गन्नौर में बाईपास की जरूरत है, प्रस्तावित है, लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाईपास न होने से जाम लगता है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी शहर के बीचोंबीच है। जगह कम पड़ने से किसानों और आढ़तियों को दिक्कत होती है। ऐसे में मंडी को शिफ्ट करने से किसानों और आढ़तियों को सहूलियत मिलेगी।



गन्नौर। विधानसभा में गन्नौर के मुद्दों को उठाते हुए विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

### गन्नौर से गोहाना वाया खानपुर को अंतर्राष्ट्रीय मंडी से जोड़ें

विधायक कादियान ने बताया कि गन्नौर में एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी बन रही है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और क्षेत्र का विकास होगा। गन्नौर से गोहाना वाया खानपुर को अंतरराष्ट्रीय मंडी से जोड़ा जाए। खानपुर जाने वालों की संख्या ज्यादा है, लेकिन सरल मार्ग नहीं है। इस रास्ते को एनएच या स्टेट हाईवे से जोड़ा जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर विधायक कादियान ने कहा कि युवाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया जटिल है। सोनीपत के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। सरकार को इस पर कदम उठाने की जरूरत है।